हे दयामय आप ही संसार के आधार हो

हे दयामय आप ही संसार के आधार हो
आप ही करतार हो हम सबके पालनहार हो
हे दयामय आप ही संसार के आधार हो

जन्म दाता आप ही माता पिता भगवान हो
सर्व सुख दाता सखा भ्राता हो तन धन प्राण हो
हे दयामय आप ही संसार के आधार हो
आप ही करतार हो हम सबके पालनहार हो
हे दयामय आप ही संसार के आधार हो

आपके उपकार का हम ऋण चुका सकते नहीं
बिन कृपा के शांति सुखका सार पा सकते नहीं
हे दयामय आप ही संसार के आधार हो
आप ही करतार हो हम सबके पालनहार हो
हे दयामय आप ही संसार के आधार हो

दीजिये वह मति बने हम सदगुणी संसार में
मन हो मंजुल धर्मं मय और तन लगे उपकार में
हे दयामय आप ही संसार के आधार हो
आप ही करतार हो हम सबके पालनहार हो
हे दयामय आप ही संसार के आधार हो

हे दयामय आपका हमको सदा आधार हो
आपके भक्तों से ही भरपूर यह परिवार हो
हे दयामय आप ही संसार के आधार हो
आप ही करतार हो हम सबके पालनहार हो
हे दयामय आप ही संसार के आधार हो

छोड़ देवें काम को और क्रोध को मद लोभ को
शुद्ध और निर्मल हमारा सर्वदा आचार हो
हे दयामय आप ही संसार के आधार हो
आप ही करतार हो हम सबके पालनहार हो
हे दयामय आप ही संसार के आधार हो

प्रेम से मिल मिल के सारे गीत गायें आपके
मन में बहता आपका ही प्रेम पारावार हो
हे दयामय आप ही संसार के आधार हो
आप ही करतार हो हम सबके पालनहार हो
हे दयामय आप ही संसार के आधार हो

जय पिता जय जय पिता हम जय तुम्हारी गा रहे

रात दिन घर में हमारे आपकी जयकार हो
हे दयामय आप ही संसार के आधार हो
आप ही करतार हो हम सबके पालनहार हो
हे दयामय आप ही संसार के आधार हो

धन धान्य घर में जो सभी कुछ आप का ही है दिया
उसके लिये प्रभु आपको धन्यवाद सौ सौ बार हो
हे दयामय आप ही संसार के आधार हो
आप ही करतार हो हम सबके पालनहार हो

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14513/title/he-dyamay-aap-hi-sansar-ke-adhaar-ho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |